02-11-2026_Layout 1 03-11-2026 00:51 Page 1



वर्ष:5 | अंक : 288 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, मंगलवार 03 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913



पंजाब की सियासत में हचलच

'आप' के तीन नेता भाजपा में शामिल

- रविवार को जौडमाजरा और पठानमाजरा दे चुके इस्तीफा
- वहीं अब सोमवार को कुंवर विजय प्रताप सिंह का इस्तीफा
- कहा-पंजाब के लिए जो-जो गारंटियां दी थीं, वे पूरी नहीं हुईं

पंजाब के मुद्दों को नज़रअंदाज करने के लगाए आरोप



जालंधर सिटी लाइव

आम आदमी पार्टी के तीन विधायकों ने पार्टी छोड़कर भाजपा को जॉइन कर लिया है। दिल्ली में भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं में अमृतसर नॉर्थ से कुंवर विजय प्रताप सिंह, समाना से चेतन सिंह जौ ामाजरा और सनौर से हरमीत सिंह पठानमाजरा शामिल हैं। आपको बता दें कि 2 दिन में ही क्क के 3 विधायकों ने इस्तीफा दिया था। तीनों ने क्कपार्टी पर पंजाब के मुद्दों को नज़रअंदाज करने के आरोप लगाए थे।

कुंवर विजय प्रताप ने पंजाब विस स्पीकर को लिखी चिट्ठी

1 नवंबर को भेजे गए इस्तीफे में कुंवर विजय प्रताप सिंह ने लिखा कि मैंने पंजाब विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। आप सभी से मिले प्यार और सम्मान के लिए मैं आखिरी सांस तक आपका ऋणी रहूंगा। परमात्मा के आशीर्वाद से हमें गली-नाली और रिबन काटने की राजनीति से ऊपर उठकर नशे, फिरौती, गैंगस्टरवाद और भ्रष्टाचार की गिरफ्त में फंसे पंजाब को प्रगतिशील राज्य बनाने के लिए मिलकर एकजुट प्रयास करना है।

जौड़ामाजरा व पठानमाजरा ने चंडीगढ़ में की प्रेस कांफ्रेंस

जौड़ामाजरा आप सरकार में मंत्री रह चुके हैं लेकिन कुछ समय पहले पार्टी ने पूर्व अकाली नेता सुरजीत सिंह रख ा को उनकी जगह पर समाना विधानसभा सीट का हलका इंचार्ज बना दिया था। वहीं, हरमीत सिंह पठानमाजरा पर रेप का केस दर्ज हुआ था। दोनों विधायकों ने चंडीग में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अरविंद केजरीवाल ने जो-जो गारंटियां दी थीं, वह पूरी नहीं हुई।

जालंधर में पटाखा मार्केट की तैयारी शुरू, 410 आवेदकों में से 20 को मिला मौका

पटाखों की अस्थायी दुकानें लगाने के लिए कारोबारियों का लकी ड्रॉ निकाला

- दो अतिरिक्त नाम भी निकाले गए हैं, चुने कारोबारियों के लाइसेंस किए जारी
- दुकानें तैयार करने के लिए अब केवल 3 से 4 दिन का समय : विकास भंडारी




जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/जतिनः जालंधर में दीपावली के मद्देनजर पठानकोट रोड स्थित गांव राओवाली में पटाखा मार्केट लगाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शुक्रवार को रेडक्रॉस भवन में पटाखों की अस्थायी दुकानें लगाने के लिए कारोबारियों का लकी ड्रॉ निकाला गया। करीब 410 आवेदकों में से 20 कारोबारियों का चयन किया गया, जबकि दो अतिरिक्त नाम भी ड्रॉ के जरिए निकाले गए। प्रशासन ने चयनित कारोबारियों के लाइसेंस जारी कर दिए हैं। हालांकि, पटाखा मार्केट के प्रधान विकास भंडारी के मुताबिक, दुकानें तैयार करने के लिए अब केवल 3 से 4 दिन का समय बचा है। प्रशासन ने चयनित कारोबारियों को लाइसेंस जारी करने के साथ निर्धारित नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। गांव राओवाली में पटाखा मार्केट लगाने के लिए करीब 410 कारोबारियों ने अस्थायी दुकानों के लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। रेडक्रॉस भवन में आयोजित ड्रॉ के दौरान इनमें से 20 कारोबारियों के नाम निकाले गए। दो अतिरिक्त नाम भी चुने गए, ताकि उन्हें मौका दिया जा सके। एडीसी अमनिंदर कौर ने बताया कि अतिरिक्त ड्रॉ निकालने का उद्देश्य वैकल्पिक व्यवस्था रखना है। अगर चयनित 20 आवेदकों में से किसी का लाइसेंस रद्द होता है तो उसकी जगह अतिरिक्त सूची में शामिल कारोबारियों को मौका दिया जा सकता है।

दुकानों के बाहर रेत व पानी के इंतजाम जरूरी

प्रत्येक दुकान के बाहर रेत से भरी बाल्टियां, पानी की टंकियां और अग्निशमन से जुड़ी जरूरी सुविधाएं रखना अनिवार्य किया गया है। इन इंतजामों का उद्देश्य पटाखों की बिक्री के दौरान आग लगने या किसी अन्य अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करना है। पटाखा मार्केट के प्रधान विकास भंडारी ने कहा कि अभी तक दुकानें तैयार नहीं हो पाई हैं। कम समय मिलने के कारण कारोबारियों के लिए इस बार भी खर्च निकालना मुश्किल हो सकता है। उन्होंने बताया कि पिछले साल भी कारोबारियों की पूरी रिकवरी नहीं हो पाई थी।





02-11-2026_Layout 1 03-11-2026 00:51 Page 2

'आप' डूबती किश्ती, भाजपा में भागे आप के गूंगे नेता, कांग्रेस को ऐसे 'सामान' की जरूरत नहीः सरदार परगट सिंह

- लैंड पूलिंग योजना रद्द होने से पंजाब की 1.50 लाख करोड़ रुपये की लूट होने से बचीः प्रताप सिंह बाजवा

केजरीवाल, सिसोदिया और जैन पर पंजाब का 50 हजार करोड़ लूटने का आरोप



जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सरदार परगट सिंह और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा में शामिल हो रहे आम आदमी पार्टी के नेताओं पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा अब आम आदमी पार्टी के उन नेताओं के लिए नया ठिकाना बनती जा रही है, जिनके खिलाफ पंजाब में गंभीर सवाल उठते रहे हैं। कांग्रेस को ऐसे किसी भी %खराब और बेकार सामान% की जरूरत नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि वह पहले ही कर चुके हैं कि आम आदमी पार्टी रेत की दीवार है और एक-दो ईंटें खिसकने से सारी दीवार धराशाही होने वाली है। अभी तो तीन नेता ही गए हैं, आने वाले दिनों में बहुत सारे और जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन गूंगे विधायकों और नेताओं को कांग्रेस को कोई जरूरत नहीं है। माइनिंग और अन्य काम करने वाले यह सारे लोग भाजपा में ही जाएंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने पंजाब में कुंवर विजय प्रताप सिंह को पोस्टर बॉय बनाकर पेश किया, लेकिन लगभग पौने पांच साल तक उन्हें खुलकर बोलने और काम करने का अवसर नहीं दिया। उन्होंने पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं विधायक रहे कुंवर विजय प्रताप सिंह से भी सवाल किया कि वह मौड़ बम धमाके के मामले में अब तक हुई कार्रवाई और जांच के नतीजों पर पंजाब की जनता को जवाब दें। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा में जा रहे नेताओं को अपने पिछले कार्यकाल और उठे सवालों का जवाब देना चाहिए। कुंवर बता कि अगर भाजपा ने अकाली दल के साथ गठबंधन किया तो उनका स्टेंड क्या होगा। तब वह क्या बोलेंगे।

उन्होंने सवाल उठाया कि जो नेता लगभग पौने पांच साल तक सत्ता में रहकर चुप्पी साधे बैठे रहे, वे अब भाजपा में जाकर किस तरह अपनी जवाबदेही से बच सकते हैं? उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता इन नेताओं से उनके कार्यकाल का हिसाब मांग रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में जिस राजनीतिक मॉडल को पेश किया था, उसी मॉडल को पंजाब में भी लागू किया गया। पंजाबियों के स्वाभिमान और राजनीतिक नेतृत्व को दरकिनार कर सत्ता पर नियंत्रण दिल्ली से चलाने की कोशिश की गई। अब अरविंद केजरीवाल पंजाब से अपना नियंत्रण समेटकर पीछे हट रहे हैं, लेकिन इसका राजनीतिक जवाब मुख्यमंत्री भगवंत मान को देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जो नेता खुद को शहीद-ए-आजम भगत सिंह का वारिस बताते थे, उन्हें बताना चाहिए कि सत्ता में आने के बाद उन्होंने भगत सिंह के आदर्शों और पंजाब के हितों के लिए क्या किया। ईडी और सीबीआई की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही केंद्रीय जांच एजेंसियों की सक्रियता बढ़ने लगती है। उन्होंने आशंका जताई कि भाजपा इन एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों पर दबाव बनाने और उन्हें अपने पाले में लाने के लिए कर सकती है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे किसी भी दबाव या डर के आगे न झुकें और ईडी तथा सीबीआई के कथित राजनीतिक दुरुपयोग के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाएं। परगट सिंह और बाजवा ने आरोप लगाया कि दिल्ली से आए अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने पंजाब आकर सत्ता का इस्तेमाल किया और पंजाब में करीब 50 हजार करोड़ रुपये की लूट करके सभी भाग गए हैं। अगर 65 हजार एकड़ जमीन से जुड़ी लैंड पूलिंग योजना रद्द नहीं होती तो पंजाब का करीब 1.50 लाख करोड़ रुपये की लूट और होती। मुख्यमंत्री मान सबसे भ्रष्ट साबित हुए हैं। पंजाब के हालात खराब पर चिंता जताते हुए परगट सिंह ने कहा कि तीन लाशें शवगृह में पड़ी हैं, परमिंदर सिंह झोटा, दलजीत सिंह और अजय कुमार का संस्कार नहीं करने दिया जा रहा है। पंजाब पुलिस को परिवार पर इतना ज्यादा प्रेशर है कि पंजाब में ऐसे हालात कभी देखे नहीं होंगे।



2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क और बैठकों का सिलसिला तेजः राकेश राठौर

- रामा मंडी मंडल अध्यक्ष चंदन रखेजा और वार्ड नंबर 64 के पार्षद राजीव ढींगरा के निवास पर हुई विशेष बैठकें, बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने लिया भाग



जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/सिद्धू : जालंधर शहर के पूर्व मेयर एवं भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश राठौर ने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की संगठनात्मक मजबूती और जनाधार बढ़ाने के उद्देश्य से बैठकों एवं जनसंपर्क अभियान को तेज कर दिया है। इसी कड़ी में केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र के अधीन आते वार्ड नंबर 64 के पार्षद राजीव ढींगरा के निवास स्थान तथा केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रामा मंडी मंडल के अध्यक्ष चंदन रखेजा के निवास स्थान पर विशेष बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों को संबोधित करते हुए राकेश राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं और जनहितैषी नीतियां लागू की हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे इन योजनाओं और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं, ताकि आम जनता को इनका पूरा लाभ मिल सके। राकेश राठौर ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि चुनाव के समय जनता से बड़े-बड़े वादे करने वाली सरकार आज अपने वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। पंजाब में कानून-व्यवस्था, नशाखोरी, बेरोजगारी और विकास जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार की नाकामी लगातार सामने आ रही है। प्रदेश की जनता अब खोखले वादों और राजनीतिक प्रचार से ऊब चुकी है तथा आगामी विधानसभा चुनाव में बदलाव का मन बना रही है। राठौर ने कहा कि भाजपा केवल चुनाव के समय सक्रिय रहने वाली पार्टी नहीं, बल्कि निरंतर जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान के लिए संघर्ष करने वाला संगठन है।

पंजाब चुनाव से पहले सुखबीर बादल का बड़ा बयान

गठबंधन पर बोले-कुछ दिन इंतजार करो

जालंधर सिटी लाइव

पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी के बीच गठबंधन की अटकलें तेज हैं। हालांकि, दोनों पार्टियां एक साथ चुनाव लड़ेंगी या अलग-अलग मैदान में उतरेंगी, इस पर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। चंडीगढ़ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पंजाब में एनडीए सरकार बनने का दावा करने के बाद राजनीतिक चर्चाओं ने और जोर पकड़ लिया है। अब गठबंधन पर सुखबीर बादल ने बयान दिया है। सुखबीर सिंह बादल से पूछा गया कि अमित शाह पंजाब में एनडीए की सरकार बनने की बात कर रहे हैं, जबकि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों 117 विस सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का बयान दे चुके हैं। इस सवाल के जवाब में सुखबीर बादल ने कहा, ÷मैं कोई पंडित तो हूं नहीं। आपको थोड़े दिनों में पता चल जाएगा कि होना क्या है। उनके इस बयान से अकाली दल व भाजपा के बीच संभावित गठबंधन को लेकर अटकलें जारी हैं।



कांग्रेस और आप को बताया पार्टी विरोधी

गठबंधन को लेकर अपनी पार्टी का रुख स्पष्ट करते हुए सुखबीर बादल ने कहा कि पंजाब में दो पार्टियां उनकी दुश्मन हैं। इनमें कांग्रेस और आम आदमी पार्टी शामिल हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों के सभी 117 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने के बयान और अमित शाह के एनडीए की सरकार बनाने के दावे के बीच राजनीतिक तस्वीर साफ नहीं है। ऐसे में सुखबीर के ताजा बयान ने गठबंधन की चर्चाओं को और बढ़ा दिया है।





02-11-2026_Layout 1 03-11-2026 00:51 Page 3

St. Soldier
GROUP OF INSTITUTIONS
SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE
More Than Just Education...
2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS
ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg.
• Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg.
• Tool Engg. (Automobile Engg.)
HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, • Front Office, Bakery, F&B)
PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science • D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T. • B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology • B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care • B.Sc. Optometry
LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years) • B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.
POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg. • Automobile • Electronics & Communication
MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com • M.B.A. • Diploma in Business Management
DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)
MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing
INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA
NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)
ADMISSION OPEN
ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing
TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.
INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.
/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

होशियारपुर में कांग्रेस नेता सुंदर शाम अरोड़ा के घर ईडी की रेड, सीआरपीएफ के जवानों के साथ पहुंची टीम

- फिलहाल ईडी की टीम घर के अंदर जांच कर रही है
- यह स्पष्ट नहीं, किस मामले को लेकर यह कार्रवाई की
- पुलिस ने इस संबंधी कोई जानकारी साझा नहीं की है

केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारी 3 से 4 गाड़ियों में पहुंचे



मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से जांच

इन मामलों में श्वष्ठ की कार्रवाई के बाद जांच का दायरा मनी लॉन्ड्रिंग तक पहुंचने की संभावना है। इनकम टैक्स विभाग भी उनके वित्तीय लेन-देन और ज्ञात आय के स्रोतों से अधिक संपत्ति के आरोपों की जांच कर रहा है। फिलहाल श्वष्ठ की कार्रवाई जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगा कि अधिकारियों को क्या जानकारी मिली और इस रेड के पीछे क्या मुख्य वजह है।

जालंधर सिटी लाइव

होशियारपुर। होशियारपुर से बड़ी खबर सामने आ रही है। कांग्रेस नेता और पंजाब के पूर्व मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा के घर सोमवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने रेड की। सुबह करीब 8 बजे केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारी 3 से 4 गाड़ियों में उनके घर पहुंचे। टीम के साथ CRPF के जवान भी मौजूद हैं। फिलहाल ED की टीम घर के अंदर जांच कर रही है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अधिकारियों ने किस मामले को लेकर यह कार्रवाई की है। पुलिस की ओर से भी इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। सुंदर शाम अरोड़ा के घर इससे पहले भी ED और इनकम टैक्स विभाग की टीम दबिश दे चुकी है। अधिकारियों ने घर में दस्तावेज खंगाले थे, लेकिन जांच में क्या मिला, इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई थी। सुंदर शाम अरोड़ा भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति के दो गंभीर मामलों का सामना कर रहे हैं। एक अधिकारी को 50 लाख रुपये की रिश्वत देने की कथित कोशिश के मामले में विजिलेंस उन्हें गिरफ्तार भी कर चुकी है।

राजस्थान में मौत बनकर दौड़ा करंट, सड़क बना रहे 8 मजदूरों ने तोड़ा दम

- 5 अन्य गंभीर रूप से झुलसे, ष्टाष्ट में भर्ती करवाया
- हादसे के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल
- घटना से नाराज ग्रामीणों ने मौके पर धरना किया शुरू

हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गए मजदूर



हादसे में 8 मजदूरों की गई जान

घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले मजदूरों की पहचान हो गई है। मृतकों में हालेड़ा मंडावरा निवासी हरिराम गुर्जर (30), मंगलचंद गुर्जर (22), कालूराम गुर्जर (29) और पवन गुर्जर (23) शामिल हैं। इसके अलावा छापोली गांव के विष्णु सैनी (38), सुरेंद्र उर्फ सुरेश सैनी (30), मुकेश सैनी (27) और फतेहचंद सैनी (32) की भी मौत हो गई।

जालंधर सिटी लाइव

राजस्थान के झुंझुनूं जिले में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। उदयपुरवाटी के छापोली गांव में सड़क निर्माण का काम कर रहे मजदूर हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गए। इस हादसे में 8 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों को उपचार के लिए उदयपुरवाटी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में भर्ती करवाया गया है। हादसा सोमवार सुबह करीब 10 बजे हुआ। हादसे के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। घटना से नाराज ग्रामीणों ने मौके पर धरना शुरू कर दिया। उदयपुरवाटी थाना प्रभारी रामपाल के मुताबिक, मजदूर सड़क निर्माण के लिए रोड़ी-बजरी मिलाने वाली मशीन पर काम कर रहे थे। इसी दौरान मशीन का हाइड्रोलिक जैक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन के संपर्क में आ गया। बिजली का तार मशीन से छूते ही उसमें करंट दौड़ गया। इस दौरान आसपास काम कर रहे मजदूर भी हाईवोल्टेज करंट की चपेट में आ गए।

पंजाब में सरकारी बसों में सफर करने वाले ध्यान दें!

कच्चे कर्मचारियों ने फिर किया हड़ताल का ऐलान

- 16 नवंबर से तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल का ऐलान
- सरकार और प्रबंधन के रवैये पर भारी रोष व्यक्त किया है



मांगें न मानने पर अनिश्चितकालीन चक्का जाम की चेतावनी

यूनियन नेताओं ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि 16 से 18 नवंबर तक चलने वाली तीन दिवसीय हड़ताल के दौरान यदि पंजाब सरकार ने उनकी मांगों पर फैसला नहीं लिया, तो आंदोलन को अनिश्चितकालीन पूर्ण हड़ताल में बदल दिया जाएगा। इससे पहले भी यूनियन ने 21 अक्टूबर को हड़ताल की थी, जिसमें राज्य भर के लगभग 7,500 ठेका कर्मचारी शामिल हुए थे। उस दौरान करीब 3,000 बसों का परिचालन पूरी तरह ठप हो गया था, जिससे आम जनता और दैनिक यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था।

जालंधर सिटी लाइव

1पंजाब में सरकारी बसों से सफर करने वाले आम यात्रियों की परेशानियां एक बार फिर बढ़ने जा रही हैं। लंबे समय से लंबित मांगों का समाधान न होने से नाराज 'पनबस' (PUNBUS) और 'पी.आर.टी.सी.' (PRTC) के ठेका कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यूनियन ने 16 नवंबर से तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। इसके साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि इस दौरान भी मांगें न मानी गईं, तो कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। ऐसे में आने वाले दिनों में पंजाब में बस सेवाओं के पूरी तरह ठप होने की पूरी संभावना है, जिससे आम यात्रियों का सफर बेपटरी हो सकता है। पनबस/पी.आर.टी.सी. कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन पंजाब की उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न डिपो के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान कर्मचारी नेताओं ने सरकार और प्रबंधन के रवैये पर भारी रोष व्यक्त किया। यूनियन का कहना है कि सरकार और विभाग की ओर से बार-बार लिखित व मौखिक आश्वासन दिए जाने के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। बार-बार वादाखिलाफी के कारण ही कर्मचारियों को दोबारा सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।



कभी भी गिर सकती है सरकार! विधायकों ने समर्थन वापिस लेने की दी चेतावनी

- पार्टी के 25 विधायकों ने अपनी मांगें रखते हुए 14 दिन का अल्टीमेटम दिया
- मांगें पूरी न हुईं तो वे सरकार से समर्थन वापस लेने का कदम उठा सकते हैं



14 दिन में फैसला न हुआ तो बढ़ सकता है राजनीतिक संकट

नेशनल कॉन्फ्रेंस के 25 विधायकों की ओर से दिए गए अल्टीमेटम के बाद अब पार्टी नेतृत्व के फैसले पर सबकी नजरें टिकी हैं। विधायकों ने साफ संकेत दिया है कि उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया तो वे सरकार से समर्थन वापस लेने पर विचार कर सकते हैं।

जालंधर सिटी लाइव

जम्मू-कश्मीर की राजनीति में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (NC) के भीतर असंतोष सामने आया है। असंतुष्ट विधायकों ने मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर सोगामी को उनके पद से हटाने की मांग की है। पार्टी के 25 विधायकों ने रविवार को नेतृत्व के सामने अपनी मांगें रखते हुए 14 दिन का अल्टीमेटम दिया है। विधायकों ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय में उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे सरकार से समर्थन वापस लेने का कदम उठा सकते हैं। इस घटनाक्रम से जम्मू-कश्मीर सरकार के सामने राजनीतिक चुनौती खड़ी हो गई है। विधायकों का आरोप है सोगामी पार्टी नेतृत्व को गुमराह कर रहे हैं और संगठन के कामकाज में हस्तक्षेप कर रहे हैं। उनका मानना है कि पार्टी के अंदरूनी मामलों में इस तरह का दखल संगठनात्मक फैसलों को प्रभावित कर रहा है। इसी वजह से नेतृत्व के सामने उन्हें हटाने की मांग रखी है। विधायकों ने मंत्रिमंडल विस्तार में शामिल चार नए मंत्रियों को भी हटाने की मांग की है। वे मंत्रिमंडल में बड़े स्तर पर फेरबदल चाहते हैं। उनका कहना है कि सरकार और संगठन के कामकाज में बदलाव किया जाना चाहिए।

पंजाब में जिस पुलिस पर नशा पकड़ने की जिम्मेदारी, उसी पर नशा रखने के आरोप! सीसीटीवी ने खोली पोल

महंत कश्मीर गिरी के घर से 30 ग्राम हेरोइन बरामद होने का दावा, फुटेज वायरल होने के बाद पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठे

- महंत को रिहा, जबकि पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव सस्पेंड किया
- डीएसपी रैंक के अधिकारी की अगुवाई में विशेष जांच टीम (SIT) गठित



एसएसपी बोले- पुलिसकर्मी की गलती बर्दाश्त नहीं होगी

एसएसपी डॉ. दर्पण अहलूवालिया ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो के बाद मामले में कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी पुलिसकर्मी की गलत हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 'युद्ध नशे के विरुद्ध' मुहिम के दौरान पुलिस की जवाबदेही सबसे महत्वपूर्ण है। अगर कोई नशा तस्करी में शामिल पाया जाता है या कोई पुलिसकर्मी इस तरह की गतिविधि में संलिप्त मिलता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

जालंधर सिटी लाइव

लुधियाना। लुधियाना के खन्ना में पुलिस की नशे के खिलाफ कार्रवाई उस समय विवादों में आ गई, जब एक घर में हेरोइन रखने और बरामदगी को लेकर सीसीटीवी फुटेज सामने आ गई। पुलिस ने महंत कश्मीर गिरी के घर से 30 ग्राम हेरोइन बरामद होने का दावा करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया था लेकिन घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। मामला SSP डॉ. दर्पण अहलूवालिया के संज्ञान में आने के बाद पुलिस विभाग ने कार्रवाई की है। महंत को रिहा, जबकि पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव सस्पेंड कर दिया है। वायरल सीसीटीवी फुटेज में एक पुलिसकर्मी सिविल वर्दी में घर के अंदर जाता दिखाई दे रहा है। फुटेज में वह बेड के गद्दे के नीचे कुछ रखता नजर आ रहा है। इसके बाद वह घर से बाहर निकल जाता है। कुछ समय बाद पुलिस की टीम घर में दाखिल होती है और हेरोइन बरामद होने का दावा करते हुए महंत कश्मीर गिरी को गिरफ्तार कर लेती है। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस की बरामदगी की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे। SSP डॉ. दर्पण अहलूवालिया ने तत्काल संज्ञान लिया। महंत कश्मीर गिरी को बीती रात ही रिहा कर दिया। वहीं, CCTV फुटेज में संदिग्ध गतिविधि में दिखाई देने वाले पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच के लिए ष्ठस्क रैंक के अधिकारी की अगुवाई में विशेष जांच टीम (SIT) गठित की गई है। टीम पूरे घटनाक्रम की जांच करेगी और सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



02-11-2026_Layout 1 03-11-2026 00:51 Page 4

गुरुद्वारा साहिब पर फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- 28 अक्टूबर की अल सुबह करीब 3 बज कर 10 मिनट की घटना
- गुरुद्वारा साहिब में दाखिल होने के बाद फायरिंग कर मौके से फरार

200 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद मिली सफलता

जालंधर सिटी लाइव



लुधियाना। लुधियाना के मंजी साहिब गुरुद्वारे में फायरिंग करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने 200 किलोमीटर तक सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद आरोपी को पकड़ा है। दरअसल 28 अक्टूबर की अल सुबह करीब 3 बज कर 10 मिनट पर 2 नकाबपोश बाइक पर आते हैं। वह गुरुद्वारा साहिब में दाखिल होने के बाद फायरिंग करके मौके से फरार हो जाते है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने काउंटर इंटेलिजेंस की मदद ली। आरोपी की पहचान राज सिंह उर्फ राजू के रूप में हुई है, जो फिरोजपुर के रूप में हुई है। हालांकि अभी भी एक आरोपी फरार चल रहा है।

ब्लैकमेलिंग के चलते की थी फायरिंग

पुलिस की शुरुआती जांच और पूछताछ में सामने आया है कि गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार कुलवंत सिंह को ब्लैकमेल करने के उद्देश्य से धमकियां दी जा रही थीं। इसी सिलसिले में गुरुद्वारा साहिब में फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया गया।

मामले की जांच में जुटी पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए आस-पास के करीब 200 सीसीटीवी फुटेज कैमरों को चैक किया। जिसके बाद तकनीकी जांच और ह्यमून इंटेलिजेंस की मदद से पुलिस शूटर तक पहुंच पाई। जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

एच.एम.वी. ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर। हंसराज महिला महाविद्यालय जालंधर और एच.एम.वी. कॉलेजिएट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की स्टूडेंट काउंसिल ने भारत के लौह पुरुष के नाम से मशहूर सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। यह आयोजन प्रिंसिपल डॉ. (श्रीमती) एकता खोसला के कुशल मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग से सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सद्भाव और देशभक्ति के महत्व को उजागर करना था। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीयएकता शपथ से हुई, जिसमें छात्राओं ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने का संकल्प लिया।हेड गर्ल कमलप्रीत ने कार्यक्रम का संचालन किया औरराष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व के साथ-साथ भारत के एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल के उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डाला। सेजल ने इस महान नेता को कविता के माध्यम से श्रद्धांजलि दी, जबकि खुशदीप ने राष्ट्रीय एकता का संदेश देने वाली कविताएं सुनाई। मानसी ने अपने भाषण में एकता के महत्व और देश को मजबूत बनाने में हर नागरिक की जिम्मेदारी पर जोर दिया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण छात्राओं द्वारा भारत का नक्शा बनाना था, जो देश की विविध संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं के बावजूद उसकी एकता का प्रतीक था। इस गतिविधि ने राष्ट्रीय गौरव और एकजुटता का संदेश बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुतकिया। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल डॉ.एकता खोसला ने कहा कि एकता ही देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने विविधता का सम्मान करने और उसे अपनाने के महत्व पर जोर दिया। प्रिंसिपल खोसला ने छात्राओं को सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों का पालन करने और ऐसे जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया, जो एक शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और एकजुट भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकें। डॉ. खोसला ने इस बात पर भी जोर दिया कि देशभक्ति केवल शब्दों में नहीं, बल्कि कार्यों में झलकनी चाहिए। यह आयोजन एकता, भाईचारे और राष्ट्रीय गौरव के मूल्यों को याद दिलाने वाला एक सार्थक कार्यक्रम रहा। अंत में राष्ट्रगान गाया गया, जिसने सभी के दिलों में देशभक्ति और अपनेपन की गहरी भावना भर दी।

केएमवी स्टुडेंट्स द्वारा बायोटेक्नोलॉजी इनोवेशन और ग्रीन एंटरप्रेन्योरशिप का प्रदर्शन

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर। कन्या महाविद्यालय (ऑटोनॉमस) द्वारा ÷ग्रीन वेंचर्स ङ्क विचारों के बीज बोना, व्यवसायों को विकसित करना÷ विषय पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, वैज्ञानिक नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने में बायोटेक्नोलॉजी की भूमिका को उजागर करना था। इस प्रदर्शनी के माध्यम से यह दर्शाया गया कि किस प्रकार पौधों से प्राप्त जैविक संसाधनों और आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी तकनीकों को नवीन उत्पादों, टिकाऊ व्यावसायिक मॉडलों और उद्यमिता के अवसरों में परिवर्तित किया जा सकता है। प्रदर्शनी में कई आकर्षक एवं नवीन स्टॉल लगाए गए, जिनमें विभिन्न प्रकार के पौधे, बीज, सजावटी पौधे, पौधोंसे निर्मित उत्पाद तथा जैव प्रौद्योगिकी पर आधारित व्यावसायिक विचार प्रदर्शित किए गए। इन प्रदर्शनों के माध्यम से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने, ऑक्सीजन का उत्पादन करने, जलवायु संतुलन बनाए रखने, मिट्टी का संरक्षण करने तथा पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में पौधों के वैज्ञानिक एवं पर्यावरणीय महत्व को दर्शाया गया। प्रदर्शनी का एक प्रमुख आकर्षण पादप जैव प्रौद्योगिकी का व्यावसायिक उपयोग रहा, विशेष रूप से बीज प्रौद्योगिकी, नर्सरीविकास, पौधों का प्रवर्धन तथा उच्च गुणवत्ता वाली पौध सामग्री का बड़े स्तर पर उत्पादन। आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी की एक महत्वपूर्ण विधि, पादप ऊतक संवर्धन की उद्यमशीलता संबंधीसंभावनाओं को प्रदर्शित करने के लिए विशेष स्टॉल भी लगाए गए। प्रदर्शनी में पारंपरिक पौधा-आधारित व्यवसायों को आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी तकनीकों के साथ जोड़ने पर भी विशेष बल दिया गया।

रयात बहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में 'नशा मुक्त युवा' अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट का आयोजन

जालंधर सिटी लाइव



होशियारपुर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पहल पर 'मेरा युवा भारत' (MY Bharat), ब्लॉक होशियारपुर-1 के सहयोग से रयात बहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (आरबीपीयू), होशियारपुर के एनएसएस विंग द्वारा 'नशा मुक्त युवा' थीम पर ब्लॉक स्तरीय 'नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट 2026-27' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे के बढ़ते प्रकोप के प्रति जागरूक करना और उन्हें एक स्वस्थ व नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करना था। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत 'माई भारत' होशियारपुर की उप-निदेशक सुश्री जसलीन कौर ने 'माई भारत' पोर्टल की रूपरेखा, उद्देश्यों, विशेषताओं और युवाओं के नेतृत्व विकास व सामुदायिक भागीदारी से जुड़े अवसरों पर विस्तृत जानकारी साझा की। ज्ञान सत्र के दौरान 'अंडरस्टैंडिंग सब्सटेंस एब्यूज- चैलेंजेस बिफोर इंडियाज यूथ' विषय पर स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग एंड इंजीनियरिंग के डीन डॉ. गुरजीत सिंह ने विचार रखे। उन्होंने नशे के कारणों, विभिन्न प्रकार के व्यसनों तथा इसके शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने रेखांकित किया कि नशाखोरी भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश (Demographic Dividend) और 'विकसित भारत' के संकल्प के मार्ग में एक बड़ी चुनौती है। इसके बाद यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ साइंसेज की डीन डॉ. ज्योत्सना ने 'फ्रॉम अवेयरनेस टू एक्शन- टूल्स फॉर अ नशा मुक्त युवा' विषय पर इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को केवल जागरूकता तक सीमित न रहकर ठोस कदम उठाने, साथियों को जागरूक करने और प्रभावित लोगों की मदद कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के एक अहम चरण में 'माई भारत' के स्वयंसेवकों ने उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों को 'नशा मुक्त भारत' की सामूहिक शपथ दिलाई। सभी ने नशे से दूर रहने और नशा मुक्त भारत के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस आयोजन में यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ साइंसेज और एमएलएस के लगभग 200 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का समापन सुश्री जसलीन कौर द्वारा दिए गए प्रेरक संदेश के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने युवा सशक्तिकरण और सामूहिक जिम्मेदारी को नशा मुक्त भारत के लिए अनिवार्य बताया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. ज्योत्सना (डीन, यूएसएस एवं एनएसएस समन्वयक, आरबीपीयू) द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।

जीएनडीयू के ज़ोनल यूथ फेस्टिवल में सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का शानदार प्रदर्शन, 13 पुरस्कार किए अपने नाम

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर। उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से संस्थान का नाम रोशन करते हुए सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (जीएनडीयू), अमृतसर द्वारा आयोजित ज़ोनल यूथ फेस्टिवल में शानदार प्रदर्शन किया और विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में कुल 13 पुरस्कार हासिल किए। सेंट सोल्जर लॉ कॉलेज, जालंधर ने ए-डिवीजन कॉलेजों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में 10 स्थान हासिल किए। कॉलेज ने फोटोग्राफी, मिमिक्री, नुक्कड़ नाटक और शॉर्ट फिल्म में चार प्रथम स्थान प्राप्त किए। इसके अलावा, स्किट में द्वितीय स्थान तथा अंग्रेज़ी एलोक्यूशन, इंस्ट्रूमेंटल परकशन, कविश्री, काली और शिक्कू मेकिंग में पांच तृतीय स्थान प्राप्त किए। संस्थान की उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ते हुए सेंट सोल्जर डिग्री कॉलेज, दानिशमंदा, जालंधर की टीम ने भी उत्साहजनक प्रदर्शन किया और फेस्टिवल में तीन स्थान हासिल किए। कॉलेज की टीम ने गिद्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, छात्रा सिमरन ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए गिद्धा में प्रथम स्थान, जबकि कविश्री और तबला में तृतीय स्थान हासिल कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया। ये उपलब्धियां विद्यार्थियों की असाधारण प्रतिभा, रचनात्मकता, समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ-साथ उनके शिक्षकों एवं सांस्कृतिक टीमों के निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन को दर्शाती हैं। इस शानदार उपलब्धि पर ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती संगीता चोपड़ा, ग्रुप एम.डी. श्री मनहर अरोड़ा, प्रो. डॉ. एस.सी. शर्मा, डायरेक्टर, सेंट सोल्जर लॉ कॉलेज तथा श्री सुनील कुमार, प्रिंसिपल, सेंट सोल्जर डिग्री कॉलेज, दानिशमंदा ने सभी विजेता विद्यार्थियों, शिक्षकों और सांस्कृतिक टीमों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए सांस्कृतिक समन्वयकों, मार्गदर्शकों, शुभचिंतकों तथा पूरे सेंट सोल्जर परिवार के निरंतर सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

इनोसेंट हार्ट्स स्कूल, ग्रीन मॉडल टाउन ने सहोदय ई-पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में जीता प्रथम पुरस्कार

जालंधर सिटी लाइव



इनोसेंट हार्ट्स स्कूल, ग्रीन मॉडल टाउन के विद्यार्थियों ने पोदार इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित जालंधर सहोदय इंडिपेंडेंट स्कूल्स कॉम्प्लेक्स की ई-पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का विषय 'साइबर बुलिंग रोकें ङ्क मित्र बनें, शत्रु नहीं।' (स्टॉप साइबरबुलिंग- बी अ फ्रेंड, नॉट अ फो। इस प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं-डी के निखिलेश चौहान और कक्षा आठवीं-सी की आराध्या वर्मा ने अपनी रचनात्मकता, नवीन सोच और डिजिटल डिज़ाइनिंग कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार हासिल किया। उनकी शानदार प्रस्तुति ने न केवल उनकी कलात्मक प्रतिभा को उजागर किया, बल्कि रचनात्मक अभिव्यक्ति के साथ तकनीक के प्रभावी समन्वय की क्षमता को भी दर्शाया। प्रिंसिपल श्री राजीव पालीवाल ने विजेता विद्यार्थियों एवं उनके मेंटर्स को इस सराहनीय उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों की लगन और समर्पण की प्रशंसा करते हुए उन्हें ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने रचनात्मक एवं तकनीकी कौशल को निरंतर निखारने के लिए प्रोत्साहित किया। इनोसेंट हार्ट्स ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अनूप बौरी ने भी युवा प्रतिभाओं की इस उल्लेखनीय सफलता पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए दोहराया कि संस्थान विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नवाचार और सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर ऐसे अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

गूगल-पे के जरिए 98 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी; ढालपुर में युवक के साथ धोखाधड़ी, पुलिस ने दर्ज किया मामला

डेली आवाज भारती

कुल्लू। जिला कुल्लू में ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अब ढालपुर निवासी एक व्यक्ति के बेटे के साथ गूगल-पे के माध्यम से 98 हजार रुपए की धोखाधड़ी होने का मामला सामने आया है। व्यक्ति ने पुलिस थाना कुल्लू में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ढालपुर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके बेटे के साथ गूगल-पे के माध्यम से ऑनलाइन पैसों की धोखाधड़ी हुई है। इस दौरान कुल 98 हजार रुपए की राशि ठगी गई। ऑनलाइन ठगी के कारण परिवार को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।





